द्वादश माला, खंड 10, अंक 23

बुधवार, 21 अप्रैल, 1999
1 वैशाख, 1921 (शक)

# लोक सभा वाद-विवाद

## (हिन्दी संस्करण)

**चौथा सत्र**

**(बारहवीं लोक सभा)**

सत्यमेव जयते

PARLI...
No. 60
Date 25-8-99

(खण्ड 10 में अंक 21 से 24 तक हैं)

**लोक सभा सचिवालय**
**नई दिल्ली**

मूल्य : पचास रुपये

## सम्पादक मण्डल


श्री एस० गोपालन
महासचिव
लोक सभा

डा० अशोक कुमार पांडेय
अपर सचिव
लोक सभा सचिवालय

श्री हरनाम सिंह
संयुक्त सचिव
लोक सभा सचिवालय

श्री प्रकाश चन्द्र भट्ट
मुख्य सम्पादक

श्री केवल कृष्ण
वरिष्ठ सम्पादक

श्री जे०एस० वत्स
सम्पादक

श्री पीयूष चन्द दत्त
सम्पादक


---

(अंग्रेजी संस्करण में सम्मिलित मूल अंग्रेजी कार्यवाही और हिन्दी संस्करण में सम्मिलित मूल हिन्दी कार्यवाही ही प्रामाणिक मानी जायेगी। उनका अनुवाद प्रामाणिक नहीं माना जायेगा।

# विषय-सूची

*[द्वादश माला, खंड 10, चौथा सत्र, 1999/1921 (शक)]*

**अंक 23, बुधवार, 21 अप्रैल, 1999/1 वैशाख, 1921 (शक)**


| विषय | कॉलम |
|---|---|
| निधन संबंधी उल्लेख | 1 |
| लोक लेखा समिति | |
| नौवां प्रतिवेदन | 5 |
| रेल अभिसमय समिति | |
| तीसरा प्रतिवेदन और कार्यवाही सारांश | 6 |
| अधीनस्थ विधान संबंधी समिति | |
| चौथा प्रतिवेदन | 6 |
| महिलाओं को शक्ति प्रदान करने संबंधी समिति | |
| पहला प्रतिवेदन | 7 |
| संचार संबंधी स्थायी समिति | |
| बारहवां, तेरहवां, चौदहवां और पंद्रहवां प्रतिवेदन | 7-8 |
| रक्षा संबंधी स्थायी समिति | |
| सातवां और आठवां प्रतिवेदन | 8 |

## लोक सभा

**बुधवार, 21 अप्रैल, 1999/1 वैशाख, 1921 (शक)**

*लोक सभा पूर्वाह्न 11 बजे समवेत हुई*

[**अध्यक्ष महोदय** *पीठासीन हुए*]

## निधन संबंधी उल्लेख

*[अनुवाद]*

**अध्यक्ष महोदय** : माननीय सदस्यों मुझे सभा को हमारे एक पूर्व साथी श्री ए०के०ए० अब्दुल समद के दुखद निधन के बारे में सूचित करना है।

श्री ए०के०ए० अब्दुल समद सातवीं और नौवीं लोक सभा के सदस्य थे और उन्होंने 1980 से 1984 और 1989 से 1991 तक तमिलनाडु के वेल्लौर संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया।

इससे पहले श्री अब्दुल समद 1964 से 1976 तक राज्य सभा के सदस्य रहे। वह 1984 से 1988 तक तमिलनाडु विधान सभा के भी सदस्य थे।

श्री अब्दुल समद एक सक्रिय संसदविद् थे और वह लोक सभा तथा राज्य सभा की विभिन्न संसदीय समितियों के सदस्य रहे।

श्री समद व्यवसाय से व्यापारी और एक जाने माने सामाजिक कार्यकर्त्ता थे। उन्होंने विभिन्न संगठनों में भिन्न-भिन्न पदों पर कार्य किया। उन्होंने दलितों के कल्याण और अल्पसंख्यक समुदायों में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अथक श्रम किया।

श्री समद ने काफी विदेश यात्राएं कीं। वर्ष 1971 में वह युगोस्लाविया जाने वाले भारतीय प्रतिनिधि मण्डल के और 1971 तथा 1989 में भारत सरकार के हज प्रतिनिधिमंडल के सदस्य थे।

वह एक विद्वान थे जिन्होंने तमिल में अनेक पुस्तकें लिखीं। वह तमिल दैनिक ''मनि चुदर'' और तमिल मासिक ''मनि विल्लाकु'' के संस्थापक संपादक थे।

श्री ए०के०ए० अब्दुल समद का 11 अप्रैल, 1999 को तमिलनाडु के चेन्नई शहर में 73 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

हम इस मित्र के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं और मुझे विश्वास है कि यह सभा शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करने में मेरा साथ देगी।

अब सदस्यगण दिवंगत आत्मा के सम्मान में थोड़ी देर के लिए मौन खड़े होंगे।

*तत्पश्चात सदस्यगण थोड़ी देर के लिए मौन खड़े रहे।*

---

*[अनुवाद]*

**अध्यक्ष महोदय** : अब सभा पटल पर पत्र रखे जाएंगे। श्री मनोरंजन भक्त जी।

*(व्यवधान)*

**श्री के० येरननायडू** (श्रीकाकुलम) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके ध्यान में एक बहुत ही गंभीर मामला लाना चाहता हूं। कांग्रेस दल ने धन के बल पर श्री विजय रामराजू को अपने साथ मिला लिया है। *(व्यवधान)* उन्होंने उसे धन के बल पर अपने साथ मिला लिया है। *(व्यवधान)* वे दल बदल को बढ़ावा दे रहे हैं। वे खरीद फरोख्त को बढ़ावा दे रहे हैं। *(व्यवधान)*

**अध्यक्ष महोदय** : परसों, सभी नेता वित्तीय कार्य आज ही पूरा करने पर सहमत हो गए थे। मैं आप सभी से निवेदन करता हूं कि मुझे सहयोग दें।

**पूर्वाह्न 11.05 बजे**

*इस समय, श्री लरंग साय तथा कुछ अन्य माननीय सदस्य आए और सभा पटल के निकट फर्श पर खड़े हो गए।*

*(व्यवधान)*

**अध्यक्ष महोदय** : यह ठीक नहीं है।

*(व्यवधान)*

**अध्यक्ष महोदय** : नहीं, नहीं; कृपया अपने-अपने स्थानों पर बैठ जाइए।

*(व्यवधान)*

**अध्यक्ष महोदय** : कुछ भी कार्यवाही वृतांत में सम्मिलित नहीं किया जाएगा।

*(व्यवधान)**

**अध्यक्ष महोदय** : कृपया बैठ जाइए। यह ठीक नहीं है।

*(व्यवधान)*

**अध्यक्ष महोदय** : मैं आपसे अनुरोध कर रहा हूं कि आप लोग अपने-अपने स्थानों पर चले जाएं।

*(व्यवधान)*

**अध्यक्ष महोदय** : कुछ भी कार्यवाही वृतांत में सम्मिलित नहीं किया जाएगा।

*(व्यवधान)**

**अध्यक्ष महोदय** : कृपया अपने-अपने स्थानों पर जाइए।

*(व्यवधान)*

**अध्यक्ष महोदय** : नहीं, नहीं; कृपया बैठ जाइए।

*(व्यवधान)*

**अध्यक्ष महोदय** : मैं आपसे एक बार फिर अनुरोध कर रहा हूं कि आप लोग कृपया अपने-अपने स्थानों पर बैठ जाइए।

*(व्यवधान)*

**अध्यक्ष महोदय** : आज, कई महत्वपूर्ण मुद्दे हैं। परसों, सभी नेता इस बात पर सहमत हुए थे कि वित्तीय कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

*(व्यवधान)*

---

*कार्यवाही वृतांत में सम्मिलित नहीं किया गया।

**अध्यक्ष महोदय** : श्री येरननायडू जी, मैं आपसे अनुरोध कर रहा हूं।

*(व्यवधान)*

**अध्यक्ष महोदय** : कृपया अपने स्थान पर चले जाइए।

*(व्यवधान)*

**अध्यक्ष महोदय** : आज हमें एक महत्वपूर्ण कार्य पूरा करना है। कृपया अपने-अपने स्थानों पर चले जाइए।

*(व्यवधान)*

**अध्यक्ष महोदय** : यह कोई सही तरीका नहीं है। कृपया अपने स्थानों पर जाइए।

*(व्यवधान)*

**अध्यक्ष महोदय** : मैं आपसे अनुरोध कर रहा हूं, यह ठीक नहीं है। कृपया अपने स्थानों पर जाइए।

*(व्यवधान)*

**अध्यक्ष महोदय** : कृपया अपने-अपने स्थानों पर जाइए। सभा में मामले उठाने का यह कोई तरीका नहीं है।

*(व्यवधान)*

**अध्यक्ष महोदय** : यह सभा पूर्वाह्न 11.45 बजे पुनः समवेत होने के लिए स्थगित होती है।

**पूर्वाह्न 11.12 बजे**

*तत्पश्चात्, लोक सभा पूर्वाह्न ग्यारह बजकर पैंतालीस मिनट तक के लिए स्थगित हुई।*

---

**पूर्वाह्न 11.46 बजे**

*लोक सभा पूर्वाह्न ग्यारह बजकर छियालीस मिनट पर पुनः समवेत हुई।*

[**उपाध्यक्ष महोदय** *पीठासीन हुए*]

*(व्यवधान)*

*[अनुवाद]*

**श्री मोहन रावले** (मुम्बई दक्षिण मध्य) : महोदय, श्री येरननायडू को बोलने का एक मौका दिया जाना चाहिए। *(व्यवधान)*

**पूर्वाह्न 11.46½ बजे**

*इस समय, श्री प्रभु दयाल कठेरिया और कुछ अन्य माननीय सदस्य आए और सभा पटल के निकट फर्श पर खड़े हो गए।*

**उपाध्यक्ष महोदय** : मैं आपकी बात सुनूंगा। कृपया अपने-अपने स्थानों पर जाइए।

*(व्यवधान)*

**उपाध्यक्ष महोदय** : श्री येरननायडू जी, मैं आपको स्थायी समितियों के प्रतिवेदन प्रस्तुत किए जाने के बाद बोलने का मौका दूंगा।

*(व्यवधान)*

**उपाध्यक्ष महोदय** : माननीय सदस्यों, माननीय अध्यक्ष महोदय नेताओं के साथ बैठक में है। बैठक के बाद, नियमित बजट पारित करने का काम किया जाएगा। तब तक स्थायी समितियों के प्रतिवेदन प्रस्तुत किये जाएंगे।

*(व्यवधान)*

**उपाध्यक्ष महोदय** : क्या आप अपने स्थानों पर जाने की कृपा करेंगे ? नेताओं की बैठक चल रही है। कृपया अपने-अपने स्थानों पर वापस चले जाइए।

*(व्यवधान)*

**उपाध्यक्ष महोदय** : नेताओं की बैठक चल रही है। कृपया अपने-अपने स्थानों पर वापस चले जाइए। प्रत्येक की बात सुनी जाएगी। कृपया अपने-अपने स्थानों पर चले जाइए।

*(व्यवधान)*

**उपाध्यक्ष महोदय** : मैं आपकी बात कैसे सुन सकता हूं ?

*(व्यवधान)*

**उपाध्यक्ष महोदय** : श्री येरननायडू जी, जब तक वे अपने-अपने स्थानों पर वापस नहीं जाते, मैं आपकी बात कैसे सुन सकता हूं ?

*(व्यवधान)*

**उपाध्यक्ष महोदय** : सभा अपराह्न 12.30 बजे तक के लिए स्थगित होती है।

**पूर्वाह्न 11.51 बजे**

*तत्पश्चात, लोक सभा अपराह्न बारह बजकर तीस मिनट तक के लिए स्थगित हुई।*

---

**अपराह्न 12.30 बजे**

*लोक सभा अपराह्न 12.30 बजे पुनः समवेत हुई।*

[**अध्यक्ष महोदय** *पीठासीन हुए*]

*(व्यवधान)*

**अपराह्न 12.31 बजे**

इस समय श्री के० येरननायडू और कुछ अन्य माननीय सदस्य आए और सभा पटल के निकट फर्श पर खड़े हो गए।

*[अनुवाद]*

**अध्यक्ष महोदय** : कुछ भी कार्यवाही वृतांत में सम्मिलित नहीं किया जाएगा।

*(व्यवधान)**

---

*कार्यवाही वृतांत में सम्मिलित नहीं किया गया।

**अध्यक्ष महोदय :** कार्यवाही वृतांत में कुछ भी सम्मिलित नहीं किया जाएगा।

*(व्यवधान)**

**अध्यक्ष महोदय :** अब सभा पटल पर प्रतिवेदन प्रस्तुत किए जायेंगे।

**अपराह्न 12.33 बजे**

## लोक लेखा समिति

### नौवां प्रतिवेदन

*[अनुवाद]*

**प्रो० सैफुद्दीन सोज** (बारामूला) : मैं "सोलर फोटो वॉल्टेइक पेनल्स की खरीद" के संबंध में लोक लेखा समिति (बारहवीं लोक सभा) का नौवां प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत करता हूं।

---

*[अनुवाद]*

**अध्यक्ष महोदय :** माननीय सदस्य, कृपया अपने-अपने स्थानों पर वापस चले जाएं। सभी नेताओं के साथ हुई बैठक में वे वित्तीय कार्य निबटाने पर सहमत हो गए हैं।

*(व्यवधान)*

**अध्यक्ष महोदय :** यह ठीक नहीं है। कृपया अपने स्थानों पर वापस जाएं। इससे राष्ट्र को अच्छा संदेश नहीं मिलेगा। कृपया इस बात को समझिए। मैं आप सब लोगों से अपने स्थानों पर वापस जाने की अपील कर रहा हूं। सभी नेता वित्तीय कार्य निबटाने के लिए सहमत हो गए हैं। कृपया अपने स्थानों पर वापस जायें।

*(व्यवधान)*

**अध्यक्ष महोदय :** कार्यवाही वृतांत में कुछ भी सम्मिलित नहीं किया जाएगा।

*(व्यवधान)**

**अध्यक्ष महोदय :** कृपया अपने स्थानों पर वापस जायें। यह ठीक नहीं है। कृपया अपने स्थानों पर वापस जायें।

*(व्यवधान)*

**अध्यक्ष महोदय :** मैं सभी नेताओं से अपील कर रहा हूं कि वह कृपया अध्यक्षपीठ को सहयोग दें। कृपया अपने स्थानों पर वापस जायें। यह ठीक नहीं है।

*(व्यवधान)*

**अध्यक्ष महोदय :** मैं आपसे अपील कर रहा हूं। कृपया अपने स्थानों पर वापस जायें। हमें वित्तीय कार्य पारित करने हैं। कृपया अपने स्थानों पर वापस जायें। मैं आप सबसे अपने स्थानों पर वापस जाने की अपील कर रहा हूं। यह अच्छा नहीं है।

*(व्यवधान)*

*कार्यवाही वृतांत में सम्मिलित नहीं किया गया।

**अध्यक्ष महोदय :** कृपया अपने स्थानों पर वापस जायें। यह अच्छा नहीं है। कृपया अपने स्थान ग्रहण करें। सभी नेता वित्तीय कार्य पारित करने के लिए सहमत हुए हैं। यह क्या है ?

*(व्यवधान)*

**अध्यक्ष महोदय :** मैं, एक बार फिर आपसे अपील कर रहा हूं कि आप कृपया अपने स्थानों पर वापस चले जायें। यह क्या है ?

*(व्यवधान)*

**अध्यक्ष महोदय :** सभा अपराह्न 3.00 बजे पुन: समवेत होने के लिए स्थगित होती है।

**अपराह्न 12.36 बजे**

*तत्पश्चात् लोक सभा अपराह्न 3.00 बजे तक के लिए स्थगित हुई।*

---

**अपराह्न 3.00 बजे**

*लोक सभा अपराह्न 3.00 बजे पुन: समवेत हुई।*

[उपाध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए]

*(व्यवधान)*

*इस समय, श्री के० येरननायडू और कुछ अन्य माननीय सदस्य आए और सभा पटल के निकट फर्श पर खड़े हो गए।*

*(व्यवधान)*

**अपराह्न 3.01 बजे**

## रेल अभिसमय समिति

### तीसरा प्रतिवेदन और कार्यवाही सारांश

*[अनुवाद]*

**श्री विजय हान्दिक** (जोरहाट) : मैं वर्ष 1999-2000 के लिए लाभांश दर और अन्य आनुषंगिक मामलों के संबंध में रेल अभिसमय समिति का तीसरा प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) और उससे संबंधित कार्यवाही सारांश प्रस्तुत करता हूं।

---

*(व्यवधान)*

**अपराह्न 3.01½ बजे**

## अधीनस्थ विधान संबंधी समिति

### चौथा प्रतिवेदन

*[हिन्दी]*

**श्री शान्तिलाल पुरुषोत्तमदास पटेल** (गोधरा) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से अधीनस्थ विधान संबंधी समिति का चौथा प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत करता हूं।

*(व्यवधान)*

---

**अपराह्न 3.02 बजे**

## महिलाओं को शक्ति प्रदान करने संबंधी समिति

### पहला प्रतिवेदन

*[अनुवाद]*

**श्रीमती गीता मुखर्जी** (पंसकुरा) : मैं ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्रालय (ग्रामीण रोजगार और गरीबी उन्मूलन विभाग तथा ग्रामीण विकास विभाग) और मानव संसाधन विकास मंत्रालय (महिला और बाल विकास विभाग) से संबंधित ''ग्रामीण महिलाओं के लिए विकास योजनाएं'' के बारे मे महिलाओं को शक्ति प्रदान करने संबंधी समिति (1998-99) का पहला प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत करता हूं।

*(व्यवधान)*

---

**अपराह्न 3.02½ बजे**

## संचार संबंधी स्थायी समिति

### बारहवां, तेरहवां, चौदहवां और पंद्रहवां प्रतिवेदन

*[अनुवाद]*

**श्री सोमनाथ चटर्जी** (बोलपुर) : मैं संचार संबंधी स्थायी समिति के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत करता हूं :-

1. दूर-संचार विभाग, संचार मंत्रालय से संबंधित दूर-संचार फैक्टरियों के कार्यकरण संबंधी बारहवां प्रतिवेदन।
2. दूर-संचार विभाग, संचार मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (1999-2000) संबंधी तेरहवां प्रतिवेदन।
3. डाक विभाग, संचार मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (1999-2000) संबंधी चौदहवां प्रतिवेदन।
4. सूचना और प्रसारण मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (1999-2000) संबंधी पंद्रहवां प्रतिवेदन।

*(व्यवधान)*

---

**अपराह्न 3.03½ बजे**

## रक्षा संबंधी स्थायी समिति

### सातवां और आठवां प्रतिवेदन

*[अनुवाद]*

**श्री पी० उपेन्द्र** (विजयवाड़ा) : मैं रक्षा संबंधी स्थायी समिति के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी और अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत करता हूं :-

(एक) रक्षा मंत्रालय की वर्ष 1998-99 की अनुदानों की मांगों संबंधी समिति के दूसरे प्रतिवेदन (बारहवीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गई कार्यवाही संबंधी सातवां प्रतिवेदन।

(दो) रक्षा मंत्रालय की अनुदानों की मांगों (1999-2000) संबंधी आठवां प्रतिवेदन।

*(व्यवधान)*

---

**उपाध्यक्ष महोदय** : अब सभा कल 22 अप्रैल, 1999 को पूर्वाह्न ग्यारह बजे समवेत् होने के लिए स्थगित होती है।

**अपराह्न 3.04 बजे**

*तत्पश्चात् लोक सभा गुरुवार, 22 अप्रैल, 1999/2 वैशाख, 1921 (शक) के पूर्वाह्न ग्यारह बजे तक के लिए स्थगित हुई।*

---

पी०एल०एस०–48/10/23/99 (एन०)
220

©1999 प्रतिलिप्यधिकार लोक सभा सचिवालय

लोक सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियम (नौवां संस्करण) के नियम 379 और 382 के अंतर्गत प्रकाशित और इंडियन प्रेस, नई दिल्ली-110033 द्वारा मुद्रित।